तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 21.6 डिग्री

हरिभूमि

महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

खबर संक्षेप

10 लीटर महुआ शराब जब्त

महासमुंद। सांकरा से टेमरी जाने के मार्ग में पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब जब्त किया है। सांकरा पुलिस ने बताया कि मुखबीर से मिली सूचना के बाद आरोपी रोहिदास पटेल पिता पाड़े पटेल (55 साल) देवसराल थाना सांकरा के कब्जे से कुल 10.800 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 3000 रुपए को जब्त कर धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एक्सीडेंट से मौत के मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

महासमुंद। एक्सीडेंट से हुई एक व्यक्ति के मौत के मामले पिथौरा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि पिथौरा थाना के मर्ग क्रमांक 43/2026 धारा 194 बीएनएसएस मृतक अली हुसैन पिता लाल मोहम्मद (47 वर्ष) हरचंदा थाना कांटी जिला मुजफ्फरपुर बिहार हाल निवास भोला ढाबा जामपाली की मर्ग जांच किया। मर्ग जांच में पाया गया कि मृतक अली हुसैन 15/06/2026 को अपने मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचई 3828 से सिंधुपाली की ओर से पिथौरा की ओर आ रहा था, एनएच 53 रोड पोटापारा के पास पहुंचने पर रायपुर की ओर से सरायपाली की ओर जा रहे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचई 7202 के चालक तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्सीडेंट कर दिया। एक्सीडेंट में घायल अली हुसैन को प्राथमिक उपचार हेतु सीएचसी पिथौरा ले जाये गया, जहां से रेफर करने पर डीकेस रायपुर ले गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मामले में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है

बिजली सब-स्टेशन में ऑपरेटर के साथ मारपीट

महासमुंद। बिजली सब स्टेशन नवरंगपुर के ऑपरेटर के साथ मारपीट किए जाने के मामले में आरोपियों के विरूद्ध सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किय गया है। पुलिस को बिजली सब स्टेशन में तैनात ऑपरेटर मृत्युंजय पटेल ने बताया कि 05 सितंबर को 11 बजे ग्राम नवरंगपुर के खगेश्वर साहू ने सब स्टेशन में आकर बिजली बंद होने की बात को लेकर उसके साथ गाली गलौज किया था। इसके बाद पुनः लगभग 11:15 बजे खगेश्वर साहू अपने साथ गांव के केशव साहू और राजेश साहू को लेकर सब स्टेशन नवरंगपुर में आया और तीनों ने मिलकर गाली गलौज कर हाथ मुक्का से मारपीट किया। उस समय सब स्टेशन के स्टाफ महेश चौहान एवं कुश कुमार भोई ने समझाकर उनको वापस जाने के लिए कहा। उसके बाद पुनः 1:30 बजे खगेश्वर साहू, राजेश साहू, केशव साहू, खीरसाय साहू चारों सब स्टेशन नवरंगपुर में आए और चारों व्यक्तियों ने मिलकर हाथ मुक्का से मारपीट किया। मामले में चारों आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

सेवा ज्योति कलश यात्रा अंतर्गत विकसित भारत 2047 का लिया संकल्प

प्रधानमंत्री मोदी ने वर्चुअल माध्यम से दिया संदेश, मुख्य अतिथि रहे दुर्ग सांसद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- शंकराचार्य भवन से हाई स्कूल मैदान तक निकली सेवा ज्योति कलश यात्रा

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शंकराचार्य भवन में 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअल माध्यम से संबोधित करते हुए वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया। उन्होंने 'हम यह करेंगे' का संदेश देते हुए विकसित और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए निरंतर प्रयास, दृढ़ इच्छाशक्ति और जनभागीदारी का आह्वान किया।



कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, संजय श्रीवास्तव, जगन्नाथ पाणिग्राही, एतराम साहू, पूनम चंद्राकर, डॉ. विमल चोपड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोगरा पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के उपरांत हाथों में प्रतीकात्मक मशाल लेकर 'सेवा ज्योति कलश यात्रा' निकाली गई। यात्रा शंकराचार्य भवन से प्रारंभ होकर बरोडा चौक होते हुए स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में सम्पन्न हुई। यात्रा के माध्यम से सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण के संकल्प को दोहराने का संदेश दिया गया। यात्रा के दौरान शहर में उत्साह और राष्ट्र सेवा की भावना का वातावरण बना रहा। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मैदान में 'सेवा के रंग राष्ट्र के संग' थीम पर विशाल एवं आकर्षक रंगोली राष्ट्र - भारत मंडला निर्मित रंगोली का प्रदर्शन किया गया। रंगोली के माध्यम से सेवा, राष्ट्रभक्ति, जनभागीदारी और विकसित भारत के संकल्प को रचनात्मक रूप में प्रदर्शित किया गया था। अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने रंगोली का अवलोकन किया और इसकी सराहना की। कार्यक्रम ने सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के प्रति जनभागीदारी को मजबूत करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भूमिका का संदेश दिया।

कार्रवाई : जेपी केयर अस्पताल के संचालक के साथ मारपीट का मामला

अस्पताल संचालक पर चाकू से हमला, 3 के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद



सिरपुर स्थित जेपी केयर अस्पताल के संचालक के साथ मारपीट और चाकू से हमला करने के मामले में तीन आरोपियों के विरूद्ध तुमगांव थाने में जुर्म दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी परमानंद साहू ने तुमगांव थाने में रिपोर्ट लिखाई कि वह जेपी केयर अस्पताल ग्राम सिरपुर का संचालक है। 6 अक्टूबर को अस्पताल में काम करने वाला राकेश साहू अपने घर से खाना खाकर वापस आ रहा था, जिसे हरि ध्रुव ने अंबेडकर चौक के पास रोका और बाइक में बैठाने कहा, मना करने पर हरि ध्रुव ने राकेश के साथ गाली गलौज किया। उसी समय राकेश साहू के बुलाने पर प्रार्थी और टिकेश्वर साहू वहां गये, दोनों को समझाया। कुछ देर बाद जब वह अस्पताल पहुंचा तो वहां राकेश साहू, टिकेश्वर साहू उपस्थित थे। इस दौरान राजेश ठाकुर ने हरि ठाकुर से माफी मांगने के लिए चलने कहा।

तब प्रार्थी, राकेश साहू और टिकेश्वर साहू के साथ करीबन 09.30 बजे लक्ष्मण मंदिर हॉस्टल के पास ग्राम सिरपुर गया, जहां हरि ध्रुव और सुरेश मिरी पहले से मौजूद थे। हरि ध्रुव उन लोगों को देख कर तीनों के साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और अपने हाथ में रखे धारदार चाकू से मारने लगा, जिससे गले व ठुड्डी में चोट आई। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 109(1), 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत, पत्नी और बच्चे को आई चोट

महासमुंद। एनएच 53 बायपास रोड को पार करने के दौरान अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दिया। घटना में बाइक चला रहे व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं उसकी पत्नी और बच्चे घायल हो गए। मामले की की जांच के बाद बसना थाने में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बसना थाना के मर्ग क्र 133/2026 धारा 194 बीएनएसएस के तहत मृतक सूरज केंवट की मौत की जांच की गई। मर्ग जांच के दौरान परिजनों एवं गवाहों का कथन लिया गया। जिन्होंने बताया कि मृतक सूरज केंवट 5 अक्टूबर को ग्राम दाबपाली ओडिशा से अपनी बाइक सीजी 06 जीपी 9467 में अपने पत्नी एवं बच्चे को लेकर गढ़पटनी थाना बसना जा रहा था। जब वह बसना में एनएच 53 बायपास रोड क्रॉस कर रहा था इसी दौरान सरायपाली से रायपुर जा रहे अज्ञात वाहन चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया। जिससे सूरज केंवट को सिर में गंभीर चोट आई, वहीं बाइक के पीछे बैठे कौशल्या केंवट एवं शिवांश को भी चोटें आई। जिन्हें इलाज के लिए निजी अस्पताल बसना ले जाया गया, जहां सूरज केंवट की मौत हो गई। मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध धारा 281, 125 (ए), 106(1) बीएनएस 184 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

खेत से सोलर पंप चोरी के मामले में दो नाबालिगों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

ग्राम गिधामुड़ा के खेत से सोलर पंप, वायर चोरी और पैनल में तोड़फोड़ के मामले में बसना पुलिस ने दो नाबालिगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने मामले में चोरी का सामान और बाइक बरामद किया है।

पुलिस ने बताया कि संपत्ति संबंधी अपराधों और चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सख्त और त्वरित कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना बसना पुलिस ने एक किसान के खेत से हुई चोरी का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता मिली है। प्रार्थी बेदलाल साव (निवासी ग्राम गिधामुड़ा) ने थाना बसना में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनके खेत में लगे पंप, पाइप और केबल वायर को दिनांक 28 से 29 सितंबर की रात अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है और सोलर पैनलों को पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना बसना में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि बस स्टैंड बसना के पास दो लड़के मोटरसाइकिल से घूम रहे हैं और चोरी के तांबे का केबल वायर सस्ते दामों में बेचने की फिराक में हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम ने गवाहों के साथ बस स्टैंड की घेराबंदी कर दो संदेही बालकों को पकड़ा। पूछताछ करने पर उन्होंने ग्राम गिधामुड़ा से रात के समय चोरी करना स्वीकार किया। दोनों आरोपी विधि से संघर्षरत बालक (नाबालिग) पाए गए। बालकों की निशानदेही पर केबल वायर पंप और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल को पुलिस ने विधिवत जब्त कर घटना में शामिल नाबालिग के विरुद्ध किशोर न्याय (बालकों की देखरेख और संरक्षण) अधिनियम के तहत वैधानिक करते हुए अग्रिम वैधानिक कार्रवाई हेतु किशोर न्याय बोर्ड (महासमुंद) के समक्ष प्रस्तुत कर बाल संप्रेषण गृह भेजा जा रहा है।

अवैध रेत परिवहन करते पाए जाने पर 4 हाइवा और 5 ट्रैक्टर जब्त

महासमुंद। राज्य शासन की मंशा के अनुरूप खनिज विभाग द्वारा जिले में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। विभाग का मैदानी अमला सक्रियता के साथ निगरानी एवं जांच अभियान संचालित कर रहा है। इसी क्रम में खनिज विभाग की टीम द्वारा 05 अक्टूबर को जिले के ग्राम बरबसपुर में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान रेत का अवैध परिवहन में संलिप्त 05 ट्रैक्टर को जब्त कर थाना तुमगांव पुलिस की अभिरक्षा में रखा गया है। इसी तरह 06 अक्टूबर को मध्य रात्रि में ग्राम चिंगरौद में रेत का अवैध परिवहन की शिकायत पर टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर रेत से भरे 4 हाइवा को जब्त कर थाना महासमुंद की अभिरक्षा में रखा गया है। सभी वाहनों पर छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 तथा खान और खजिन (विकास और विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

शहर के हाईस्कूल मैदान में रास गरबा महोत्सव 11 से, हुआ भूमिपूजन कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दुर्गा वाहिनी रास गरबा महोत्सव 2026 की तैयारियों के क्रम में बुधवार 07 अक्टूबर को शहर के हाईस्कूल मैदान में महोत्सव स्थल का विधिवत भूमिपूजन कार्यक्रम हुआ।



नगर पुरोहित पंकज महाराज के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधि-विधान के साथ भूमिपूजन कराया गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी श्रद्धालुओं ने माता रानी से महोत्सव के सफल आयोजन तथा नगरवासियों के सुख, समृद्धि एवं मंगल की कामना की। दुर्गावाहिनी रास गरबा महोत्सव का आयोजन विश्व हिंदू परिषद एवं सर्व हिंदू समाज के तत्वावधान में किया जा रहा है। महोत्सव का उद्देश्य नवरात्रि के पावन पर्व को भक्ति, संस्कृति और संस्कार के साथ परिवार सहित मनाने का संदेश देना है। आयोजन में पारंपरिक एवं मर्यादित गरबा के साथ प्रतिदिन 10 मिनट का बौद्धिक सत्र भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें धर्म, संस्कृति, संस्कार एवं सामाजिक जागरूकता से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन दिया जाएगा।

दुर्गावाहिनी रास गरबा महोत्सव 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2026 तक चलेगा, जो प्रतिदिन हाईस्कूल मैदान में शाम 7 बजे से शुरू होगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू, देवेंद्र दुबे, भरत चंद्राकर, विपिन बिहारी महंती, विहिप जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर, अखिलेश लुनिया, लोकेश कुमार दावड़ा, चन्द्रबदन मिश्रा, आरएस चंद्राकर, आनंद साहू, देवनारायण बिसेन, रितेश गोलछा, कौशलेंद्र चंद्राकर, शैलेश गुप्ता, हेमंत अम्बिलकर, प्रदीप वर्मा, कुम्बज चंद्राकर, चंदन नेताम, राहिल गुप्ता, रामेश्वर गोलू साहू, कान्हा प्रधान एवं रुद्र नामदेव सहित अन्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तजन, समाजसेवी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं दुर्गावाहिनी की कार्यकर्ताओं की भी उपस्थिति रही।

गुजरात से गिरफ्तार हुआ गांजा मामले का आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांजा मंगाने वाले आरोपी को पुलिस ने गुजरात से गिरफ्तार किया है। एएनटीएफ और कोमाखान पुलिस ने इस मामले में पूर्व में एक आयशर ट्रक से 32.070 किलो गांजा (कीमती 16,03,500 रुपए) की तस्करी करते 02 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया था।

पुलिस ने ताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स एवं सभी थाना चौकी को अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी तथा इंड टू इंड एवं फाइनेशियल इनवेस्टिगेशन, सोर्स प्वाइंट, डेस्टिनेशन प्वाइंट पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश है।

जिसके तहत गांजा तस्करों के पूरे चेन को ध्वस्त करने 'एंड-टू-एंड' कार्रवाई की जा रही है। थाना कोमाखान पुलिस ने ऑपरेशन निश्चय के तहत अंतरराज्यीय गांजा तस्करों के नेटवर्क में से, गांजा मंगाने वाला (फॉरवर्ड लिंक) कृष्णचंद प्रधान को सूरत (गुजरात) से गिरफ्तार किया गया है।

मामला इस प्रकार से है कि दिनांक 05-07-26, थाना कोमाखान पुलिस को मुखबीर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर एक आयचर ट्रक क्रमांक जीजे19 वाय 3344 में 02 व्यक्ति अवैध मादक पदार्थ गांजा परिवहन कर रहेहैं। इसके बाद ग्राम टेमरी जांच नाका के पास उक्त ट्रक सवार को रोककर नाम



पता पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम प्रदीप महापात्र पिता त्रिनाथ महापात्र (52 साल) निवासी तलरामपल्ली थाना कोदला जिला गंजाम ओडिशा व दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम हाडुबंधु स्वांई पिता रंकनिधि स्वांई (47 साल) निवासी बादरखपल्ली थाना कोदला जिला गंजाम ओडिशा का रहने वाला बताया। पुलिस पुछताछ में आरोपियों ने गांजा तस्करी की बात कबूल की थी तथा वे इस गांजा को बेगुनियापड़ा गंजाम (ओडिशा) से ले जाकर सूरत (गुजरात) खपाने के लिए ले जा रहे थे। आरोपियों के विरूद्ध धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने पर धारा 20(B)(II)(C) 29 एनडीपीएस एक्ट पंजीबद्ध कर मामले की जांच की जा रही थी।

मामले की तफ्तीश पर गिरफ्तार आरोपियों से गहन पूछताछ में पता चला कि, वे इस गांजा को बेगुनियापड़ा गंजाम (ओडिशा) से सूरत (गुजरात) कृष्णचंद प्रधान नाम के व्यक्ति के लिए लेकर जा रहे थे।। विवेचना के दौरान प्राप्त सुराग, तकनीकी एवं डाटा एनालिसिस की मदद से गांजा मंगाने वाले (फारवर्ड लिंक) कृष्णचंद प्रधान पिता भास्कर प्रधान उम्र 42 साल निवासी अमरोली सूरत (गुजरात) को अमरोली जिला सूरत (गुजरात) से गिरफ्तार किया।

नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक मीट के लिए होगा चयन

महासमुंद जिला एथलेटिक्स दल का चयन 11 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर
- चयन प्रतियोगिता में जिले के बालक एवं बालिका खिलाड़ी ही ले सकेंगे हिस्सा

एथलेटिक मीट में भाग लेने वाले महासमुंद जिला एथलेटिक्स दल का चयन 11 अक्टूबर को सुबह 9 बजे से फॉरेस्ट ग्राउंड, बीटीआई रोड महासमुंद में आयोजित जिला स्तरीय चयन प्रतियोगिता के माध्यम से किया जाएगा। जिला एथलेटिक संघ द्वारा आयोजित इस चयन प्रतियोगिता में जिले के बालक एवं बालिका खिलाड़ी हिस्सा ले सकेंगे।

चयन प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी खिलाड़ियों का ऑनलाइन पंजीयन अनिवार्य किया गया है। बिना ऑनलाइन पंजीयन के किसी भी खिलाड़ी को प्रतियोगिता में शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों के लिए ट्राईथलन-ए में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं ऊंची कूद, ट्राइथलन-बी में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं बैक थ्रो तथा ट्रेथलन-सी में 60 मीटर दौड़, लंबी कूद एवं 600 मीटर दौड़ की स्पर्धाएं होंगी। इस आयु वर्ग में भाला फेंक प्रतियोगिता में भाग लेना अनिवार्य होगा। इसी प्रकार 16 वर्ष से कम आयु वर्ग में 60 मीटर दौड़, 80 मीटर हर्डल्स, 600 मीटर दौड़, लंबी कूद, ऊंची कूद, गोला फेंक एवं भाला फेंक की स्पर्धाएं आयोजित होंगी। इस वर्ग में पेंटाथलन के अंतर्गत 60 मीटर, 80 मीटर हर्डल्स, ऊंची कूद, गोला फेंक एवं 600 मीटर दौड़ में खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। चयन प्रतियोगिता में शामिल होने वाले सभी खिलाड़ियों को अपना एक पासपोर्ट साइज फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति एवं जन्म प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य है। चयनित खिलाड़ी हैदराबाद में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक चैंपियनशिप में महासमुंद जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। चयन प्रतियोगिता एवं पंजीयन से संबंधित अधिक जानकारी के लिए चारुलता गजपाल से संपर्क किया जा सकता है।

प्रतिबंधित इंजेक्शन और सिरप जब्त, तीन युवकों पर कार्रवाई

महासमुंद। बाइक से प्रतिबंधित इंजेक्शन और सिरप का परिवहन कर रहे तीन युवकों को बलौदा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि 6 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन व्यक्ति एक लाल रंग का होंडा शाईन मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 एचसी 2516 में पदमपुर ओडिशा की ओर से सरायपाली की ओर अवैध मादक पदार्थ प्रतिबंधित सिरप एवं इंजेक्शन लेकर आ रहे हैं। इसके बाद ग्राम सिरपुर नाका के पास पहुंचकर उक्त बाइक को रोका गया। संदेहियों ने पूछताछ में अपना नाम सुमित बारिक पिता धर्मेंद्र बारिक (20 साल) वार्ड नं 01 वीरेंद्र नगर सरायपाली, दुर्गेश चौहान पिता श्यामलाल चौहान (21 साल) वीरेंद्र नगर सरायपाली एवं सुमित कुमार पाणीग्राही पिता गोपाल प्रसाद पाणीग्राही (18 साल) वार्ड नं 07 झिलमिला थाना सरायपाली होना बताया। तलाशी के दौरान पुलिस ने मोटर सायकल के डिक्की के अंदर एक नीले रंग के थैले से सिरप एवं इंजेक्शन कोडीन फॉस्फेट एंड ट्राइप्रोलिडाइन हाइड्रोक्लोराइड सिरप कुल कीमत 2484.3 रुपए, कुल 79 नग पेंटाजोसाइन लेक्टेट इंजेक्शन कुल कीमत 4740 रुपए को बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

खबर संक्षेप

चार हजार की महुआ शराब बरामद, दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

महासमुंद। ग्राम जीराडबरी से सावित्रीपुर जर्रा रोड में बसना पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से चार हजार रुपए का महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर से सूचना मिलने पर ग्राम जीराडबरी से सावित्रीपुर जर्रा रोड नीम पेड़ के पास घेराबंदी कर एक व्यक्ति को पकड़ा गया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम पता चंद्रशेखर सिदार पिता सुखीराम सिदार (32 साल) ग्राम जर्रा थाना बसना होना बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 20 लीटर अवैध महुआ हाथ भट्ठी शराब कीमत 4000 रुपए को बरामद किया। आरोपी ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि 20 लीटर महुआ शराब उसे ग्राम सावित्रीपुर निवासी आशा राम रात्रे पिता अन्न दास रात्रे (उम्र 30 वर्ष) द्वारा बिक्री हेतु उपलब्ध कराई गई है। आरोपी चंद्रशेखर ने यह भी बताया कि मुख्य सप्लायर आशा राम रात्रे उक्त अवैध शराब को अपने वाहन सीजी 06 जीवाय 3416 में परिवहन कर उसके पास छोड़कर गया था। पुलिस ने बताया कि आरोपी चंद्रशेखर सिदार एवं आशा राम रात्रे एक संगठित आपराधिक गिरोह के रूप में कार्य करते हुए, अवैध आर्थिक लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से लंबे समय से अवैध शराब के परिवहन और बिक्री के संगठित अपराध में संलिप्त हैं। मामले में दोनों आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 42, 59(क), धारा 112 के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

सहायक शिक्षक भर्ती परीक्षा 11 को

जगदलपुर। छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल द्वारा लोक शिक्षण संचालनालय के अंतर्गत सहायक शिक्षक के रिक्त पदों पर भर्ती के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 11 अक्टूबर को किया जा रहा है। यह परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक आयोजित की जाएगी। शहर में इस परीक्षा के लिए कुल 8 केंद्र बनाए गए हैं, जहां 2803 परीक्षार्थी शामिल होंगे। कलेक्टर आकाश छिकारा के नेतृत्व में प्रशासन ने निष्पक्ष परीक्षा संपन्न कराने के लिए कड़ी व्यवस्था की जा रही है। परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने से ढाई घंटे पूर्व अपने आवंटित केंद्र पर पहुंचना होगा।

शहर में तीन दिवसीय श्रीकथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य शोभायात्रा में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद





जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य की प्रेरणा से महासमुंद में आयोजित तीन दिवसीय श्रीकथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ बुधवार को भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ। कथा का आयोजन 7, 8 एवं 9 अक्टूबर 2026 तक विशाल मेगा मार्ट परिसर बीटीआई रोड बरोंड़ा चौक महासमुंद में किया जा रहा है। प्रथम दिवस निकाली गई शोभायात्रा ने पूरे शहर में भक्तिमय वातावरण निर्मित कर दिया। शोभायात्रा में ध्वजधारी श्रद्धालु, दुर्गा झांकी, जवारा, भजन मंडली, रामदरबार तथा रथ में विराजमान सिद्ध चरण पादुका प्रमुख आकर्षण रहे। भजन-कीर्तन और धार्मिक जयघोष के बीच निकली शोभायात्रा का जिलेवासियों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया और इसकी भव्यता की सराहना की। श्रद्धालुओं ने मार्ग में सिद्ध चरण पादुकाओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान इंद्रकुमार चंद्राकर एवं सहधर्मपत्नी मंजू इंद्रकुमार चंद्राकर रहे। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष देवीचंद राठी एवं पार्षद पीयूष साहू सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। शोभायात्रा के पश्चात सिद्ध चरण पादुका एवं ग्रंथ स्थापना पूजन तथा आरती हुई। इसके बाद श्रद्धालुओं ने कथामृत का श्रवण किया। आयोजन स्थल पर श्रद्धालुओं के लिए भंडारा एवं प्रसादी वितरण की भी व्यवस्था की गई है, जो तीनों दिवस जारी रहेगी। जगद्गुरु रामानंदाचार्य नरेंद्राचार्य की प्रेरणा से संचालित विभिन्न लोककल्याणकारी एवं मानवतावादी सेवाओं की जानकारी भी श्रद्धालुओं को दी गई। इनमें निःशुल्क अन्नदान, आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा, राष्ट्रीय राजमार्गों पर निःशुल्क एंबुलेंस सेवा, रक्तदान शिविर, प्राकृतिक आपदाओं में राहत कार्य, वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण तथा निःशुल्क वैद्यकीय सेवाएं प्रमुख हैं। आयोजन से जुड़े सेवा कार्यों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 1,56,129 से अधिक परिवारों की घर-वापसी, 250 देहदान, 219 अव्यवदान, जनवरी 2026 में 15 दिनों में 1,71,150 यूनिट रक्तदान तथा 5 से 19 जुलाई 2026 के दौरान 6,18,009 पौधों का वृक्षारोपण किया गया है। जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए ब्लड इन नीड हेल्पलाइन 9619171004 भी संचालित की जा रही है।

कार्यक्रम में रामानंद संप्रदाय छत्तीसगढ़ के उपपीठ प्रमुख घनश्याम माहेश्वरी, पीठ सदस्य सच्चिदानंद उपासने, पीठ सह प्रमुख मुन्नालाल मोटघरे एवं पीठ व्यवस्थापक प्रकाश अंगाड़े सहित छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के अध्यक्ष, निरीक्षक, समिति सदस्य तथा छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों से बड़ी संख्या में आए श्रद्धालु उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय आयोजन के आगामी दिनों में भी चरणपादुका पूजन एवं आरती, कथामृत श्रवण, दिव्य रासलीला, आरती तथा कथा समापन सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। तीनों दिवस श्रद्धालुओं के लिए भंडारा एवं प्रसादी वितरण की व्यवस्था भी की गई है। आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

भोथा-हाथीबाहरा जंगल में होगी 30वीं औषधीय पौधों की खोज यात्रा

23 से 25 अक्टूबर तक जुटेंगे शोधकर्ता, विद्यार्थी और प्रकृति प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा

छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा औषधीय पौधों एवं जैव विविधता के संरक्षण, अध्ययन और पारंपरिक लोकज्ञान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस वर्ष 30वीं औषधीय पौधों की खोज यात्रा का आयोजन 23 से 25 अक्टूबर 2026 तक भोथा-हाथीबाहरा जंगल क्षेत्र में किया जाएगा। तीन दिवसीय इस आयोजन में शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों, प्रकृति प्रेमियों एवं विज्ञान के प्रति रुचि रखने वाले प्रतिभागियों के साथ औषधीय पौधों की पहचान और उनके पारंपरिक उपयोगों पर विस्तृत अध्ययन किया जाएगा।

छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के प्रेस सचिव हेमंत खुटे ने बताया कि प्रतिभागियों का आगमन एवं पंजीयन 23 अक्टूबर को शाम 4 बजे तक विज्ञान आश्रम कसेकेरा में होगा। इसके बाद आपसी परिचय, खोज यात्रा का परिचय एवं उन्मुखीकरण, औपचारिक उद्घाटन तथा पूर्व की खोज यात्राओं के फोटोग्राफ एवं वीडियो का प्रदर्शन किया जाएगा। 24 अक्टूबर को सुबह 7.30 बजे औषधीय पौधों की खोज यात्रा प्रारंभ होगी। दोपहर में भोजन के बाद खोजे गए पौधों की पहचान, उनके पारंपरिक उपयोग एवं लोकज्ञान पर चर्चा की जाएगी। इसके साथ ही विज्ञान आश्रम कसेकेरा की जैव विविधता का अध्ययन किया जाएगा। रात में भोजन के बाद कैंप फायर का आयोजन होगा। 25 अक्टूबर को सुबह 8.30 बजे औषधीय पौधों एवं जैव विविधता विषय पर स्टेट कॉन्फ्रेंस एवं रिसर्च प्रेजेंटेशन आयोजित होगा। इसमें शोधकर्ता एवं विद्यार्थी अपने शोध कार्यों को पोस्टर तथा पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। शोध एवं पारंपरिक ज्ञान से जुड़े विषयों पर विचार-विमर्श भी होगा। दोपहर 11 बजे से समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें प्रतिभागियों का फीडबैक, प्रमाण-पत्र वितरण, मुख्य अतिथि का उद्बोधन, अध्यक्षीय उद्बोधन, आभार प्रदर्शन एवं समापन होगा।

सहयोग राशि निर्धारित

तीन दिवसीय आयोजन में भोजन एवं आवास व्यवस्था के लिए सामान्य प्रतिभागियों के लिए 2,000 तथा कॉलेज एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए 700 सहयोग राशि निर्धारित की गई है। इच्छुक प्रतिभागी अधिक जानकारी एवं पंजीयन के लिए छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा के अध्यक्ष विश्वास मेश्राम, सचिव डॉ. वायके सोना, डीएस. टंडन, डॉ. विजय शर्मा , खेमचंद चक्रधारी एवं प्रेस सचिव हेमंत खुटे से संपर्क कर सकते हैं।

आंगनबाड़ी में आंगन मिलन समारोह के दौरान विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिथौरा



स्थानीय वार्ड नंबर 9 आंगनबाड़ी में

- नृत्य, संगीत के साथ छत्तीसगढ़ी लोक गीतों पे थिरके बच्चे

आंगन मिलन, पोषण पर चर्चा, आशा दीदियों का सम्मान कार्यक्रम अंतर्गत विविध आयोजन किया गया। जिसमें वार्ड के पालक उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के तस्वीर पर क्षमा गोयल जिला भाजपा उपाध्यक्ष, संतोष गुप्ता पत्रकार, साहित्यकार, प्रियंका सिन्हा सरपंच सरकड़ा, हेमलता जायसवाल पूर्व पार्षद द्वारा पूजा अर्चना, दीप प्रज्वल से किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूजा रानी सलूजा ने महिला बाल विकास विभाग की योजनाओं को बताते हुए गर्भवती माताओं को आहार संबंधी जानकारी दी, जिससे बच्चा स्वस्थ्य और निरोगी हो। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संतोष गुप्ता ने कहा कि बच्चों को अच्छे संस्कार, जीवन जीने की शैली, वार्तालाप के दौरान बड़े छोटे का सम्मान के तौर तरीके माता पिता को बाल्यकाल से देना चाहिए, जिससे आगे चलकर बच्चे संस्कार युक्त होकर समाज का मार्गदर्शन करें। साथ ही उन्होंने पालकों से नवजात शिशु के आहार पर भी विशेष ध्यान देने की बात कही, जिससे बच्चा स्वस्थ्य और निरोगी रहे। कार्यक्रम में क्षमा गोयल ने आंगनबाड़ी के स्वच्छता की तारीफ करते बच्चों की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की और पोषक आहार की जानकारी दी। प्रियंका सिन्हा, हेमलता जायसवाल ने भी सभा को संबोधित करते हुए आंगनबाड़ी के पालकों और बच्चों को जीवन में सही मार्गदर्शन के लिए माता पिता को श्रेष्ठ कहा, जिनकी बातों को मानकर व्यक्ति विकास की ओर अग्रसर होता है। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्यों के लिए विभाग द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पूजा रानी सलूजा, सहायिका डिगेश्वरी ध्रुव को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। साथ ही जान्हवी यादव की गोद भराई रस्म निभाई गई, जिन्हें तिलक वंदन कर श्रीफल अन्न दान किया। नन्हें शिशु उन्नति डडसेना का अन्नप्राशन किया गया। कार्यक्रम में खेलकूद का भी आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत फुगड़ी में प्रथम नर्मदा निषाद, वर्षा सोनवानी, कुर्सी दौड़ में कनक निर्मलकर, शिवा यादव, रंगोली में विनीता निर्मलकर, सुआ नृत्य में कनक निर्मलकर प्रथम स्थान पर रही, जिसे अतिथियों के करकमलों से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर राम कुंवर सिन्हा पार्षद, संतोष डडसेना पार्षद, मीना लाल महिला बाल विकास अधिकारी, सरोज सिन्हा, शिवकुमारी निर्मलकर, मालती दीप, भुनेश्वरी निर्मलकर, शिव कुमारी ध्रुव, आनंदिता ठाकुर, लक्ष्मी महानंद, मनिंदर सिंह, डिगेश्वरी ध्रुव, दीपक सिन्हा आदि मौजूद रहे।

जिले में छूटे हुए एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीकरण के लिए चलेगा विशेष अभियान

महासमुंद। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिले में छूटे हुए एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीकरण हेतु एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छूटे हुए पात्र नागरिकों के साथ-साथ ऐसे युवा एवं पहली बार पात्र बने मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सुगम बनाना है, जिनके नाम अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं। यह कार्य बीएलओ द्वारा घर-घर भ्रमण कर मतदाता सूची के निरंतर अद्यतनीकरण की प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाएगा। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह ने ईआरओ एवं निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सक्रिय सहभागिता और सहयोग से यह सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी कि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे तथा सभी पात्र नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। समस्त पात्र नागरिकों से अनुरोध है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और मतदाता सूची में अपना पंजीकरण विधिवत सुनिश्चित करें। मतदाता सूची में अपना पंजीकरण करने के लिए संबंधित बीएलओ एवं ईसीआईएनईटी मोबाइल एप या वेबसाइट https://voters.eci.gov.in के माध्यम से फॉर्म 6 में ऑनलाईन आवेदन भी किया जा सकता है। कलेक्टर ने इस दौरान जागरूकता अभियान के लिए स्वीप की गतिविधियां भी आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उप जिला निवार्चन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा, अनुविभागीय अधिकारी अक्षा गुप्ता मौजूद रहे।

गौ सम्मान को लेकर हुई बैठक



महासमुंद। गौ माता के सम्मान, संरक्षण एवं सेवा के विषय में महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में गौ सेवा को बढ़ावा देने, समाज में जागरूकता फैलाने तथा गौवंश के संरक्षण के लिए आवश्यक प्रयासों पर चर्चा की गई।

महासमुंद के स्वतंत्रता सेनानियों के नाम शिलालेख स्थापित करने की पहल

महासमुंद। देश की आजादी के लिए ब्रिटिश हुकूमत से लड़ने वाले जिले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति और सम्मान में भव्य शिलालेख स्थापित करने की पहल की जा रही है। शिलालेख पर जिले के समस्त 146 स्वतंत्रता सेनानियों के नाम गरिमापूर्वक अंकित होंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियां अपने देशभक्त पुरखों से परिचित होती रहें और उनसे प्रेरणा लेती रहें। इसके लिए स्वतंत्रता सेनानी स्व जयदेव सतपथी के सुपुत्र विद्याधर सतपथी तोषगांव सरायपाली ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन महासमुंद को 41 हजार रुपए नकद दिए हैं तथा प्रस्तावित 'स्वतंत्रता सेनानी स्मृति स्थल' के अहाता निर्माण के लिए 11 लाख रुपए सहयोग देने की घोषणा की है। इसकी जानकारी देते हुए स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन महासमुंद के सचिव कुबेर प्रकाश गिरि गोस्वामी ने बताया कि जिला मुख्यालय महासमुंद स्थित देव संस्कृति विद्यालय में रविवार को हुई संगठन की बैठक में जिलेभर से स्वतंत्रता सेनानी परिवारों के प्रतिनिधि सदस्य शामिल हुए। समाज में राष्ट्रीय भावना के विकास के लिए सेनानी पुरखों की स्मृतियों को संजोने और स्थायी रूप देने पर विचार किया गया। इस क्रम में सहयोग की शुरुआत हो चुकी है। संगठन में जिले के समस्त सेनानी परिवारों की भागीदारी एवं सदस्यता सुनिश्चित करते हुए संगठन को मजबूत करने का भी निर्णय लिया गया। साथ ही वार्षिक सदस्यता शुल्क 500 रुपए निर्धारित किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से संगठन के संरक्षक श्रीधर चंद्राकर, जिलाध्यक्ष नारायण नामदेव, कुबेर प्रकाश गिरि गोस्वामी, संजय गिरि गोस्वामी, चित्रसेन गिरि गोस्वामी, महेश दुबे, राकेश झाबक, योगेश सरवैया, रोमान्तक गिरि गोस्वामी, सच्चिदानंद चंद्राकर, योगेश कुमार जैन, नागेश कुमार चंद्राकर, प्रेमचंद डडसेना, अश्वनी साहू, माधो प्रसाद ठाकुर, नंद कुमार कश्यप, मनोज गिरि गोस्वामी, लीलाधर डडसेना, बसंत चंद्राकर, आकाश चंद्राकर, नीलरत्न पाटिल, पंकज नाथ योगी, शेष नारायण नामदेव, बुद्धेश्वर डडसेना, देवराज शाह ठाकुर, विद्याभूषण सतपथी, उमाशंकर नामदेव, दीपक पटेल, जनक चंद्राकर आदि मौजूद रहे।



महाविद्यालय के छात्रों का राज्य स्तरीय वालीवाल प्रतियोगिता के लिए हुआ चयन

सरायपाली। शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय,सिमगा में वॉलीबॉल पुरुष वर्ग की सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई। उक्त प्रतियोगिता में स्वर्गीय वीरेंद्र बहादुर सिंह स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरायपाली की वॉलीबॉल पुरुष वर्ग की टीम ने भाग लिया। महाविद्यालय की टीम में सहभागिता करने वाले खिलाड़ी योगेश साहू, तेजराज, रमेश पटेल, कुलदीप, प्रशांत, तेजराज भोई, गगन, विद्यादेव, नीलांबर एवं नितिश भोई। उक्त सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता में तेजराज भोई (कक्षा-डीसीए) के उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर उनका राज्य स्तरीय वॉलीबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. संध्या भोई, क्रीड़ा प्रभारी राजकिशोर पटेल, क्रीड़ाधिकारी रूपा ध्रुव, प्रबंधक दीपक कुमार एवं समस्त स्टाफ ने चयनित खिलाड़ी तेजराज भोई को आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी।



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विशाल भारत मंडला रंगोली प्रदर्शनी का समापन

महासमुंद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग एवं जिला प्रशासन महासमुंद के संयुक्त तत्वावधान में स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में जिला स्तरीय रंगोली प्रदर्शनी का समापन एवं अवलोकन कार्यक्रम आयोजित किया गया। रंगोली प्रदर्शनी के अंत में उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने की। इस अवसर पर रंगोली प्रदर्शनी की जिला नोडल अधिकारी डॉ. रीता पाण्डे, सहायक नोडल अधिकारी मनीराम धीवर, कार्यक्रम प्रभारी डॉ मालती तिवारी जिला संगठक, रेखराम शर्मा एवं विभिन्न महाविद्यालयों के कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरस्वती वर्मा, डॉ स्वेतलाना नागल, राजेश्वरी सोनी, आशुतोष पुरी गोस्वामी, गायत्री चंद्राकर, निर्मल बंजारे, कांति साहू, हेमेंद्र साहू पस्थित रहे। सेवा संकल्प अभियान से जुड़े सभी अधिकारियों एवं छात्र-छात्राओं को कलेक्टर द्वारा उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

प्रसाद वितरण, मंदिर समिति की पहल

महासमुंद। स्थानीय पुराना सरकारी हॉस्पिटल परिसर स्थित नर्मदेश्वर महादेव हनुमान मंदिर समिति द्वारा प्रत्येक मंगलवार को श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण किया जाता है। इसी क्रम में मंगलवार को मंदिर परिसर में समिति की ओर से चना प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक प्रसाद ग्रहण करने पहुंचे।

सड़क सुरक्षा एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

पैतृक संपत्ति व साइबर अपराध सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गिधली में छुईपाली टोल प्लाजा और औरंग टोलवे प्राइवेट लिमिटेड के सहयोग से सड़क सुरक्षा, स्वच्छता एवं विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थियों को विभिन्न कानूनों और उनके अधिकारों की जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजीत जांगड़े थे। विशिष्ट अतिथि टोल प्लाजा के एचएसई मैनेजर उमाशंकर अहिरवार, टोल मैनेजर पवन प्रशांत सिंह, एचआर मैनेजर कौशिक राय तथा सहायक स्टाफ रवि कुमार ठाकुर, प्रवीण, सुखेन राय और सुदीप मोहंती उपस्थित रहे। अध्यक्षता के प्राचार्य डीडी चौधरी ने की। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई।



छात्र-छात्राओं ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद टोल प्लाजा के एचएसई मैनेजर उमाशंकर अहिरवार ने प्रोजेक्टर के माध्यम से भारत और छत्तीसगढ़ में हो रही सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने यातायात नियमों के पालन से लेकर नशे की हालत में वाहन चलाने से होने वाली दुर्घटनाओं के कारणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विद्यार्थियों से सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न प्रश्न पूछकर संवाद भी किया। छात्र-छात्राओं ने सवालों के जवाब दिए। विद्यार्थियों को दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए स्वयं जागरूक रहने तथा परिवार, समाज में भी यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया। टोल मैनेजर पवन प्रशांत सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन प्रत्येक व्यक्ति के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को यातायात नियमों का पालन करने की आदत विकसित करनी चाहिए। इसके बाद प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट मंजीत जांगड़े ने विद्यार्थियों को बाल श्रम अधिनियम, दहेज प्रताड़ना कानून के गलत उपयोग से बचने, बाल अधिकार, पैतृक संपत्ति के अधिकार और साइबर अपराध सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान टोल प्लाजा की ओर से विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की गई। पश्चात एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत टोल अधिकारियों, न्यायिक मजिस्ट्रेट और प्राचार्य ने पौधारोपण किया। संचालन अजय प्रधान ने किया। अंत में प्राचार्य ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्टाफ, कर्मचारी, छात्र-छात्राएं व टोल कर्मचारी उपस्थित थे।

खबर संक्षेप



रामजानकी मंदिर में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन

बिरकोनी। ग्राम बिरकोनी स्थित रामजानकी मंदिर में मंगलवारको हनुमान भक्तों द्वारा सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ हुआ। वही भक्तों ने भगवान को उत्साहपूर्वक चोला लगाए। राम जानकी मंदिर आचार्य लक्ष्मीनारायण महाराज ने भगवान का जलाभिषेक कर, श्रृंगार से सजाया। शाम 4 बजे सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ भक्ति ने किया। हनुमान चालीसा पाठ से मंदिर परिसर में गूंजायमान रहा। महाआरती में भक्तों ने जय हनुमान ज्ञान गुण सागर के जयकारे लगाए। आचार्य ने बताया कि मंगलवार और शनिवार को हनुमानजी की पूजा करने से हनुमान अधिक प्रसन्न होते है। इस दिन पूजा-अर्चना को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। भक्त के ऊपर कोई संकट आ रहा है तो इन संकटों से निजात पाने के लिए हनुमान की उपासना करने से दूर होती है। हनुमान एक ऐसे देवता हैं जो प्रार्थना और पूजा से शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं। हनुमान भगवान राम के अनन्य भक्त हैं। इससे भक्तों के कष्ट, रोग और पीड़ा आदि दूर होते है। भक्तों ने परिवारिक में सुख समृद्धि वैभव की कामना की। मंदिर परिसर में प्रसाद वितरण देर शाम तक चलता रहा। इस अवसर पर सनातन सेवा समिति के सदस्य डॉ आरएल साहू, दामोदर चंद्राकर, तेजेश्वर साहू, केके हनुमंता, तुलसराम साहू, घनश्याम साहू, ओमप्रकाश पटेल, घनश्याम चंद्राकर सहित महिलाएं उपस्थित रहे।



आंगनबाड़ी केंद्र-2 बड़गांव में हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम

महासमुंद। आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 2 बड़गांव में आंगन मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं एवं शिशुवती माताओं के लिए पारंपरिक एवं जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर गर्भवती रूपा यादव की गोद भराई तथा शिशुवती मोगरा यादव के बच्चे रेयांश का अन्नप्राशन कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों को मातृ-शिशु स्वास्थ्य, पोषण एवं बच्चों की देखभाल के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गायत्री चक्रधारी, हिरौंदी निषाद एवं सहायिका सुरूज निषाद, नंदकुमारी निषाद का विशेष सहयोग रहा। प्राथमिक शाला बड़गांव के शिक्षक गोवर्धन प्रसाद साहू, शिक्षिकाएं लेखनी साहू एवं शिल्पा वर्मा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बच्चों के पोषण, शिक्षा एवं संस्कार के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में सरपंच नंदनी ध्रुव सहित ग्राम की बुजुर्ग महिलाएं संध्या ठाकुर, रमशील, प्रेमीन, जेठिया बाई, केजिया बाई, लक्ष्वंतीन, फुलमती, महेश्वरी, वीना चक्रधारी तथा आंगनबाड़ी के बच्चे एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत तोषगांव में लगा शिविर, विभिन्न प्रकरणों का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ सुगमता, सरलता और त्वरित रूप से उपलब्ध कराने नगरीय निकायों व ग्राम पंचायतों में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड के ग्राम तोषगांव में सेवा सेतु शिविर आयोजित किया गया। शिविर में महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया शामिल हुई। उन्होंने नागरिकों से संवाद कर शिविर के माध्यम से उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी ली।

कार्यक्रम में रामलाल चौहान, राजेंद्र नायक, मोगरा पटेल, कामता प्रसाद पटेल, कुमारी भास्कर, जनपद पंचायत अध्यक्ष लक्ष्मी पटेल, उपाध्यक्ष मुकेश धर्मेंद्र चौधरी, पुष्पलता चौहान, मंडल अध्यक्ष केंदुवा दंडधर साव, प्रदीप साहू, स्वर्ण सिंह सलूजा, मनोज दास, जनपद पंचायत सदस्यगण, कर्मचारीगण एवं विभिन्न ग्रामों से उपस्थित ग्रामीणजन मौजूद रहे। इस अवसर पर सरला ने विभिन्न विभागों द्वारा संचालित महत्वाकांक्षी एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत हितग्राहियों को किट एवं सामग्री का वितरण किया। जिसमें खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, कृषि विभाग द्वारा कृषि किट, मत्स्य विभाग द्वारा किट, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान कार्ड तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर में नागरिकों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही नागरिकों से आवेदन प्राप्त एवं पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किए जा रहे हैं। साथ ही नागरिकों को योजनाओं की पात्रता, आवश्यक दस्तावेज, आवेदन प्रक्रिया तथा मिलने वाले लाभ के संबंध में जानकारी दी जा रही है। विभिन्न सेवाओं से संबंधित प्रकरणों का मौके पर परीक्षण कर उनके निराकरण की कार्रवाई भी की गई। जिससे उन्हें शासन की योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ प्राप्त करने में सुविधा मिल रही है। शिविर में महिला बाल विकास द्वारा आयोजित गर्भवती माताओ का गोदभराई की रस्म अतिथियों द्वारा किया गया। शिविर में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारी नागरिकों की समस्याओं को सुनकर उनके निराकरण के लिए आवश्यक प्रक्रिया से अवगत करा रहे हैं। पात्र हितग्राहियों के आवेदन प्राप्त कर संबंधित विभागों के माध्यम से आगे की कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। शिविर में बड़ी संख्या में नागरिकों ने पहुंचकर विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी प्राप्त की और अपनी आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। नागरिकों ने एक ही स्थान पर विभिन्न सेवाओं एवं योजनाओं से संबंधित जानकारी दी।



कमलेश की लिखित पुस्तक यात्रा अनुभूति का विमोचन

सरायपाली। शिक्षकीय कार्य के साथ लेखन के क्षेत्र में अपनी पहचान बना चुके कमलेश साहू की पुस्तक यात्रा अनुभूति का विमोचन रायपुर के वृंदावन हॉल में वरिष्ठ साहित्यकारों के कर कमलों से हुआ। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा पहली बार प्रकाशित प्रयास का संपादन कमलेश साहू द्वारा किया गया। पुस्तक विमोचन एवं काव्य गोष्ठी आयोजन नव छत्तीसगढ़ साहित्य, सांस्कृतिक संस्थान रायपुर के तत्वावधान में वृंदावन हाल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाषाविद डॉ. चितरंजन कर, अध्यक्षता लेखक, स्तंभकार एवं कवि संजीव कुमार ठाकुर ने की। साहित्यकार डॉ. माणिक विश्वकर्मा प्रमुख वक्ता तथा डॉ. सीमा रानी प्रधान, कवि सुरेंद्र रावल और कवि रामेश्वर शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। लेखक कमलेश साहू ने बताया कि उन्होंने अपनी विभिन्न यात्राओं के अनुभवों और अनुभूतियों को पुस्तक के रूप में अभिव्यक्त किया है। समारोह में राजेंद्र रायपुरी, छविलाल सोनी, यशवंत चतुर्वेदी, सुनील पांडेय, मंजूषा अग्रवाल, बलजीत कौर, सीमा पाण्डेय, पल्लवी झा, यशवंत यदु शकुंतला तिवारी, रूनाली चक्रवर्ती, कल्याणी तिवारी, मन्नूलाल यदु, भूपेंद्र शर्मा, विजय मिश्रा, डॉ. पूनम साहू, डॉ. जगदीश साहू, विवेक रहटगांवकर, शकुंतला तिवारी, पल्लवी रावटे, बीडी रावटे, अनिता झा, डॉ. लोकेश्वर प्रसाद सिन्हा, टिकेश्वर सिंह मरकाम, महेंद्र पटेल, तरुण साव, रविश गुप्ता, माधुरी कर, डॉ. उदयभान सिंह, आनंदराम साहू, राधेश्याम बंसल और अंजना केरकेट्टा आदि साहित्य से जुड़े प्रबुद्ध जन उपस्थित थे।

20 एकड़ में ढैंचा को हरी खाद के रूप में अपनाकर कृषक प्रफुल्ल ने दिया मृदा स्वास्थ्य संरक्षण का संदेश

महासमुंद। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत ग्राम बिछिया पोटापारा में किसानों को शासन की कृषि एवं किसान हितैषी योजनाओं की जानकारी देने तथा उन्नत एवं टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए प्रेरित करने विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा कृषकों को योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ-साथ कृषि क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले किसानों को प्रोत्साहित किया गया। इसी क्रम में कृषक प्रफुल्ल साहू को कृषि क्षेत्र में पर्यावरण अनुकूल एवं मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के लिए विधायक डॉ. संपत अग्रवाल के हाथों प्रशस्ति पत्र एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कृषक साहू ने चालू खरीफ वर्ष में एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन को बढ़ावा देने अपनी 20 एकड़ कृषि भूमि में हरी खाद के रूप में ढैंचा का उपयोग किया गया। कृषक द्वारा अपनाई गई इस पद्धति से खेत में जैविक पदार्थ की मात्रा बढ़ाने, मृदा की उर्वरता बनाए रखने तथा मिट्टी के स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में सकारात्मक कार्य हुई है। हरी खाद के रूप में ढैंचा का उपयोग किसानों को मृदा की गुणवत्ता बनाए रखने के साथ-साथ संतुलित पोषक तत्व प्रबंधन अपनाने के लिए प्रेरित करता है। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कृषक प्रफुल्ल साहू की पहल की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। साथ ही अन्य किसानों से भी शासन द्वारा संचालित कृषि एवं किसान हितैषी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने तथा उन्नत, टिकाऊ एवं पर्यावरण अनुकूल कृषि पद्धतियों को अपनाने की अपील की गई। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से जिले में किसानों को शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कृषि हितैषी कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध कराने, पात्र किसानों को योजनाओं से जोड़ने तथा सफल कृषकों द्वारा अपनाई जा रही उन्नत कृषि तकनीकों को अन्य किसानों तक पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है।

महाविद्यालय में एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन

महासमुंद। शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं जिला व्यापार उद्योग केंद्र के संयुक्त तत्वावधान एवं प्राचार्य डॉ. रीता पांडेय के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज की विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए महाविद्यालय में एक दिवसीय व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम डॉ. ईपी चेलक विज्ञान संकाय प्रभारी एवं विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र ने समस्त अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि सेवा समर्पण की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से सेवा संकल्प अभियान का आयोजन 17 सितंबर से 17 अक्टूबर के मध्य हो रहा है। अभियान के अंतर्गत स्वच्छता जन जागरुकता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। युवा वर्ग सक्रिय रूप से भाग लेकर इस अभियान को सफल बना सकते हैं। प्रो. अजय कुमार राजा विभागाध्यक्ष वाणिज्य ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान एक दूसरे को जोड़ने का काम कर रहा है। मुख्य वक्ता वैभवी साहू प्रबंधक ने कहा कि सेवा फर्स्ट इन्नोवेशन चैलेंज के माध्यम से युवा इन्नोवेटर को रोजमर्रा की समस्याओं के व्यावहारिक एवं बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान तैयार करने का मौका दिया जा रहा है। चयनित इनोवेशन को मेंटरशिप, तकनीकी मार्गदर्शन लैब, फेब्रिकेशन एक्सेस, इनक्यूबेशन और पायलट सपोर्ट मिल सकता है। कौन भाग ले सकता है, आवश्यक शर्तें, कैटिगरीज, 10 सेक्टर कृषि, कानून एवं व्यवस्था, महिला एवं बाल नगरीय विकास, रक्षा, सस्टेनेबिलिटी एंड एनर्जी क्लाइमेट, इंफ्रास्ट्रक्चर एंड मोबिलिटी, इमरजिंग टेक एआई, शिक्षा एवं रोजगार एवं उनके सब थीम की जानकारी दी। हर सेक्टर में पांच विजेता होंगे और हर विजेता को 10 लाख रुपए तक की राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। पंजीयन प्रारंभ तिथि(23 सितंबर) अंतिम तिथि (17 अक्टूबर), पंजीयन प्रक्रिया आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी।



झिटकी के यादव परिवार से की मुलाकात : अंकित

महासमुंद। कांग्रेसी नेता अंकित बागबाहरा ने विगत दिनों ग्राम झिटकी में सरजू यादव के घर पर अचानक तेंदुआ के हमले में घायल परिवार से मुलाकात की। हमले में घायल 10 में से 8 लोगों में सबसे ज्यादा चोट सुनीता यादव पति तासराम यादव को आई हैं। उनकी दोनों आंखे जाने की स्थिति में है, फिर मां उत्तरी के सर का मांस और गले में भारी नुकसान पहुंचाया है और दोनों रायपुर मेकाहारा में भर्ती हैं। अंकित ने बताया कि परिवार के झनक के हांथ जांघ, मनीष के जांघ बांह पेट, सरजू यादव 65 साल पीठ हाँथ पेट के साथ साथ तुषार, सुनीता, लक्ष्मी आदि भी घायल हैं। अंकित ने परिवार को ढांढस बंधाया और वर्तमान भाजपा सरकार से समुचित मुआवजे के साथ सर्वोत्तम इलाज की मांग की है।

मौहारीभाठा के आंगनबाड़ी केंद्र में हुआ आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



सेवा संकल्प अभियान के तहत 5 अक्टूबर 2026 को महासमुंद शहर के मौहारीभाठा वार्ड नं 28 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी 01 में आयोजित आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि दुर्गा चंद्राकर उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, अमन वर्मा जिलाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा, गोपी कन्नौजे जिला सहसंयोजक नगरीय निकाय प्रकोष्ठ, नंदू जलक्षत्री पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा, शुभम बाघ ग्रामीण मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा उपस्थित हुए। इस अवसर पर महिलाओं के साथ पोषण एवं पौष्टिक आहार से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा किया गया। साथ ही बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के विषय में बच्चों एवं आंगनबाड़ी कार्यकताओं के साथ संवाद किया। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं के लिए बिंदी लगाओ प्रतियोगिता, चूड़ी टास्क गेम, पोषण एवं स्वास्थ्य, प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया।

बिंदी लगाओं प्रतियोगिता में राधिका सेन प्रथम, चूड़ी टास्क गेम में सुनीता धीवर प्रथम एवं मेहंदी प्रतियोगिता में छोटी देवांगन, व्यंजन प्रतियोगिता में भोज निषाद, रेडी टू ईट का केक में तबस्सुम फातिमा कस्टर्ड रहे। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। स्वस्थ बालक/बालिका प्रतिस्पर्धा में प्रेरणा धीवर को स्वस्थ बालिका का पुरस्कार दिया गया। आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाले सभी बच्चों को पुरस्कार भेंट किया गया।

इस अवसर पर सराहनीय कार्य करने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अगेश्वरी धीवर, सहायिका सविता साहू, वार्ड मितानिन अंशु निषाद को प्रशस्ति प्रमाण पत्र एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। राधिका सेन द्वारा महतारी वंदन योजना का अनुभव साझा किया गया, तबस्सुम फातिमा प्रधानमंत्री मातृवंदना योजना से लाभान्वित हुई वो अपना अनुभव साझा की, 6 माह पूर्ण किए बच्चे वैष्णवी धीवर का अन्नप्राशन करवाया गया।

आंबा केंद्र में नेवता भोज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंबा कार्यकर्ता सुकृति ध्रुव, किरण साहू, सुशीला हरपाल, सुमित्रा सोनवानी, सहयोगी सहायिका राधा विश्वकर्मा, कला सिन्हा उपस्थित थे। बच्चों के स्वस्थ विकास, मातृ स्वास्थ एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण रहा।

फॉरेस्ट ग्राउंड में शौचालय की सुविधा के लिए पूर्व जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर को कराया ध्यानाकर्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष सुधा साहू ने बीटीआई रोड स्थित फॉरेस्ट ग्राउंड वन विभाग खेल मैदान में शौचालय एवं यूरिनल की समुचित व्यवस्था कराने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान दुर्गा सार्वा भी उपस्थित रहीं। ज्ञापन में बताया गया कि फॉरेस्ट ग्राउंड में प्रतिदिन सुबह शाम बड़ी संख्या में बच्चे, युवा, महिलाएं, युवतियां एवं बुजुर्ग पैदल चलने, दौड़ने, व्यायाम एवं खेलकूद के लिए आते हैं। कई युवा पुलिस, सेना एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की शारीरिक तैयारी भी यहीं करते हैं। सुबह शाम मिलाकर लगभग 1000 लोग प्रतिदिन मैदान का उपयोग करते हैं, लेकिन इतनी बड़ी संख्या के बावजूद वहां शौचालय की समुचित सुविधा नहीं है, जिससे विशेषकर महिलाओं एवं युवतियों को भारी असुविधा होती है।साहू ने बताया कि मैदान में एक पुराना गार्ड रूम है, जिसमें शौचालय बना है लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं होने से वहां गंदगी पसरी रहती है, और साफ सफाई नहीं हो पाती। ऐसी स्थिति में महिलाओं को मजबूरी में उसी असुविधाजनक स्थान का उपयोग करना पड़ता है। हाउसिंग बोर्ड द्वारा मैदान में सिंथेटिक ट्रैक के साथ व्यायाम शाला भवन का निर्माण किया गया है और उससे संलग्न शौचालय भी बना हुआ है, लेकिन अभी तक उसे आमजन के उपयोग के लिए खोला नहीं गया है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि जनहित और महिलाओं की सुविधा को देखते हुए व्यायाम शाला भवन से लगे शौचालय को शीघ्र पानी एवं नियमित साफ सफाई के साथ शुरू कराया जाए अथवा मैदान में महिलाओं एवं पुरुषों के लिए अलग पर्याप्त संख्या में नए शौचालय एवं यूरिनल का निर्माण कराया जाए। ताकि, रोज आने वाले लोगों को मूलभूत सुविधा मिल सके।

जनप्रतिनिधियों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं महतारी वंदन हितग्राहियों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय महासमुंद के संजय नगर 02 स्थित सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र मंह आज आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं, गर्भवती एवं शिशुवती माताओं, वृद्धजनों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि में पार्वती साहू, मीना वर्मा, सुपरवाइजर शीला प्रधान, कुंती यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं रूपा भारती, अंजू चंद्रकार, हीना, सावित्री, भारती, ललिता, कुमारी, सुकवारों एवं चंद्रकला तथा महतारी वंदन योजना के हितग्राही महिलाओं को फल भेंटकर सम्मानित किया गया। जनप्रतिनिधियों ने आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों का अवलोकन करते हुए बच्चों, माताओं एवं हितग्राहियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर नेवता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों को बड़ा, पुड़ी एवं खीर का वितरण किया गया। नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण का केंद्र होने के साथ ही यह माताओं, बच्चों और ग्रामीण परिवारों को शासन की विभिन्न योजनाओं से जोड़ने का भी माध्यम है। आंगन मिलन सेवा के माध्यम से आंगनबाड़ी केंद्रों से ग्रामीणों का जुड़ाव और अधिक मजबूत हो रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गांव में बच्चों और माताओं की देखभाल के साथ शासन की योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने में विशेष भूमिका निभा रही हैं। उनके कार्यों का सम्मान करना पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

जिले में 5 सरपंच व 22 पंचों के लिए होंगे उपचुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



आगामी दिसंबर माह में त्रिस्तरीय पंचायतों के रिक्त पदों के लिए जिले में उपनिर्वाचन होने वाले हैं। इसके लिए फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली तैयार करने के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विनय कुमार लंगेह के आदेशानुसार नियुक्त प्राधिकृत अधिकारियों का वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी सचिन भूतड़ा ने बताया कि जिले में कुल 5 सरपंच तथा 22 पंचों के पदों के लिए उप निर्वाचन होने जा रहा है, जिसके लिए निर्वाचक नामावली तैयार करना है।

जिला मास्टर ट्रेनर तोषण गिरि गोस्वामी ने पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से प्रशिक्षण देते हुए छत्तीसगढ़ पंचायत निर्वाचन नियम 1995 के अध्याय चार में बताए गए प्रावधानों के अनुसार पंचायत निर्वाचन के लिए निर्वाचक नामावली तैयार किया जाएगा। उन्होंने निर्वाचक नामावली तैयार करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी देते हुए इस दौरान बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि कोई भी मतदाता पंचायत निर्वाचन में मतदाता के रूप में तभी पात्र होगा जब उसका नाम संबंधित विधानसभा की निर्वाचक नामावली में पहले से दर्ज हो। साथ ही 1 अक्टूबर 2026 की स्थिति में 18 वर्ष पूर्ण करने वाला व्यक्ति भी पंचायत निर्वाचन में मतदाता के रूप में योग्य माना जाएगा परंतु पहले उसे संबंधित विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाना होगा। प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन कार्यालय से कविश देवांगन तथा सभी जनपद पंचायतों के संबंधित प्राधिकृत अधिकारी उपस्थित थे।



खबर संक्षेप



शारदीय नवरात्रि पर्व 11 से, गांव में तैयारी शुरू

महासमुंद। ग्राम खरोरा के बस्ती पारा स्थित सार्वजनिक नवदुर्गा उत्सव समिति द्वारा शारदीय नवरात्रि पर्व की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। समिति प्रतिवर्ष नवरात्रि पर मां दुर्गा की भव्य प्रतिमा स्थापित कर नौ दिनों तक धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होंगे। समिति के सदस्य हेमू चंद्राकर ने बताया कि इस वर्ष नवरात्रि पर्व को श्रद्धा, भक्ति और सामाजिक सहभागिता के साथ भव्य रूप से मनाने की तैयारी की जा रही है।

आप का विशाल धरना प्रदर्शन एवं घेराव रायपुर में आज

महासमुंद। आम आदमी पार्टी छत्तीसगढ़ द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के विरुद्ध गंभीर आरोपों को लेकर उनके तत्काल इस्तीफे की मांग तथा उनके विरुद्ध कानून के तहत कार्रवाई की मांग को लेकर राजधानी रायपुर के महिला थाना के पास विशाल धरना एवं घेराव कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें महासमुंद जिले के सैकड़ों कार्यकर्ता प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र चंद्राकर, जिला संगठन मंत्री सकील खान,यूथ विंग जिलाध्यक्ष खिरोद पटेल, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष अमन यादव, जिला महासचिव मधु यादव, महिला विंग जिलाध्यक्ष मेघा चंद्राकर के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता घेराव कार्यक्रम में भाग लेने आज रायपुर पहुचेंगे।

शहर में युवा उड़ान कार्यक्रम आज

महासमुंद। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में प्रदेश के युवाओं को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत विजन/2047 से जोड़ने तथा विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने में युवाओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने जिला युवा उड़ान 2026 कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन 8 अक्टूबर 2026 को दोपहर 12 बजे से शंकराचार्य सांस्कृतिक भवन खैरा महासमुंद में किया जाएगा। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कार्यक्रम के सफल एवं सुव्यवस्थित आयोजन के लिए मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत महासमुंद अनुपमा आनंद को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

आयोजन : रंगोली में दिखे 36 किले, स्वच्छ भारत और पर्यावरण संरक्षण

सेवा रंग में दिखी विकसित भारत की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

पंडित जयदेव सतपथी महाविद्यालय बसना में सेवा, समर्पण और जनकल्याण की भावना के साथ सेवा रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत बसना के सभापति एवं जनपद सदस्य प्रकाश सिन्हा शामिल हुए।

कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण महाविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई 17×17 फीट की विशाल थीम आधारित रंगोली रही। इस रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों ने विकसित भारत की परिकल्पना, छत्तीसगढ़ के 36 किलों, स्वच्छ भारत अभियान, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों को बेहद सुंदर एवं रचनात्मक तरीके से प्रस्तुत किया। रंगोली में कला के साथ-साथ विकास, स्वच्छता,



पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र निर्माण का संदेश देखने को मिला। विद्यार्थियों की इस अनूठी पहल ने कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों एवं महाविद्यालय परिवार का ध्यान आकर्षित किया। उपस्थित लोगों ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता, मेहनत एवं सामाजिक जागरूकता की जमकर सराहना की।मुख्य अतिथि प्रकाश सिन्हा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि युवा शक्ति देश के भविष्य की आधारशिला है। विद्यार्थियों में प्रतिभा के साथ सामाजिक सरोकार और राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित होना बेहद आवश्यक है। ऐसे आयोजन युवाओं को अपनी प्रतिभा के माध्यम से समाज एवं देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश अग्रवाल, बसना एसडीएम हरिशंकर पैंकरा, सांसद प्रतिनिधि एवं भाजपा मीडिया प्रभारी नवीन साव, विधायक प्रतिनिधि शुकदेव वैष्णव, पत्रकार मनहरण सोनवानी एवं महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र साव सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों की प्रतिभा ने दिया सामाजिक जागरुकता का संदेश

सेवा रंग कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपनी कला एवं रचनात्मकता के माध्यम से यह संदेश दिया कि सेवा केवल कार्य नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना है। 17×17 फीट की रंगोली ने विद्यार्थियों की कल्पनाशीलता के साथ-साथ विकसित एवं स्वच्छ भारत के संकल्प को भी प्रभावी रूप से प्रदर्शित किया।

वीबी-जी राम जी योजना से बदलेगी गांवों की तस्वीर, ग्रामीण अर्थव्यवस्था में आएगा क्रांतिकारी परिवर्तन : राकेश

महासमुंद। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश



अध्यक्ष व नगर पंचायत तुमगांव के पूर्व अध्यक्ष राकेश चंद्राकर ने केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा लागू की गई विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन वीबी-जी राम जी योजना को ग्रामीण अर्थव्यवस्था में क्रांतिकारी परिवर्तन लाने वाली ऐतिहासिक योजना बताया है। उन्होंने कहा कि यह योजना केवल रोजगार देने की योजना नहीं है बल्कि गांवों की सूरत बदलने और ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर बनाने का विजन है।

चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार ने ग्रामीण रोजगार की नई अधिसूचना जारी की है, जो इस वर्ष एक जुलाई से पूरे देश में लागू हो गई है। इस योजना ने मनरेगा की मांग आधारित रोजगार व्यवस्था की जगह नई व्यवस्था लागू की है। सबसे बड़ा परिवर्तन यह है कि पहले जहां 100 दिन के रोजगार का प्रावधान था, अब उसे बढ़ाकर सालाना 125 दिनों के गारंटी रोजगार का प्रावधान किया गया है। स्थानीय स्तर पर 125 दिन का सुनिश्चित रोजगार मिलने से ग्रामीण परिवारों को आर्थिक संबल मिलेगा। इससे ग्रामीणों को रोजगार के लिए अन्य प्रदेशों का रुख नहीं करना पड़ेगा और पलायन पर रोक लगेगी। पहले 100 दिन का रोजगार का प्रावधान था, लेकिन अब 125 दिन की रोजगार की गारंटी मिलने पर लोगों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है और गांव में ही रोजी-रोटी का स्थायी साधन उपलब्ध होगा।

कृषि उपज मंडी के नाम दर्ज भूमि की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष हरबंश सिंह नानू



भाई ने प्रदेश के मुख्य सचिव को पत्र प्रेषित कर नगर पालिका परिषद महासमुंद के स्वामित्व की भूमि वार्ड नंबर 19 में स्थित पुराना गंज मंडी खसरा नंबर 1104/40, 1194/41, 11194/42, एवं 1194/43 की भूमि को विधि विरुद्ध कृषि उपज मंडी के नाम पर दर्ज किये जाने के प्रकरण की जांच कार्रवाई कर उक्त खसरों की भूमि को वापस नगर पालिका परिषद के नाम पर दर्ज किए जाने की मांग की है।

प्रेषित ज्ञापन में कहा गया है कि उक्त खसरा नंबर 1104/40, 1194/41, 1194/42, एवं 1194/43 की भूमि नगर पालिका परिषद के स्वामित्व की भूमि है, जिसे कभी भी किसी भी संस्था या व्यक्ति को विक्रय नहीं किया गया। उसके बाद भी अविधिक ढंग से राजस्व दस्तावेजी बी-1 एवं ऋण पुस्तिका में कृषि उपज मंडी महासमुंद का नाम दर्ज कर दिया गया है, जो कि नैसर्गिक न्याय के विरुद्ध होकर नगर पालिका को क्षति पहुंचाने का कृत्य है। उन्होनें कहा है कि कृषि उपज मंडी के पास खसरा नंबर 1194/40 1194/41, 1194/421194/43 की रजिस्ट्री उपलब्ध हो तो सार्वजनिक करें अन्यथा तत्काल अपना नाम राजस्व दस्तावेजों बी 1 से विलोपित करने का कार्य करे।

पुरानी मंडी में सब्जी बाजार शिफ्टिंग की मांग भी

नगर पालिका द्वारा वर्तमान में नगर से लगभग 04 किमी की दूरी पर ग्राम लभरा के आगे नवीन बस स्टैंड बनाने की प्रक्रिया जारी है, जो नगर से काफी दूरी पर है, दूरी अधिक होने से महिलाओं एवं बच्चों को सुरक्षा का भी बड़ा सवाल है। यदि नगर पालिका को उपरोक्त 04 खसरा नंबरों की भूमि अतिशीघ्र प्राप्त हो जाती है तो उक्त पुरानी गंज मंडी के खसरा नंबरों की भूमि के आधे हिस्से में सब्जी बाजार को व्यवस्थित कर बाकी बचे आधे हिस्से में किराना एवं अन्य व्यवसायियों को व्यवस्थापित किया जा सकता है, जिससे नगर का यातायात भी व्यवस्थित होगा। व्यवस्थित होकर मुख्य मार्ग से भीड़ का दबाव कम होगा, जो सुरक्षा की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है, इसी तरह बस स्टैंड से सब्जी बाजार के हस्तांतरित होने के बाद सब्जी बाजार की रिक्त भूमि और बस स्टैंड के बीच में स्थित स्टैंड के भवन और कुछ दुकानों को तोड़कर रिक्त सब्जी स्थल को एवं वर्तमान बस स्टैंड को एक कर देने के बाद लगभग 02 एकड़ का मैदान हो जायेगा। यदि कुछ दुकानें तोड़ी भी जाती हैं तो एक क्रम में चारों तरफ दुकानें बनाकर दी जा सकती है।

जिले के 841 हितग्राहियों ने 214889 एकड़ में लगाए 9.39 लाख पौधे

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वन संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से संचालित किसान वृक्ष मित्र योजना जिले में हरियाली और आर्थिक समृद्धि का नया आधार तैयार कर रही है। वर्षा ऋतु 2026 में वनमंडल महासमुंद द्वारा योजना के अंतर्गत जिले के 841 हितग्राहियों के कुल 214889 एकड़ क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के 9 लाख 39 हजार 838 पौधों का रोपण किया गया है। जिले में इस वर्ष कुल 9 लाख 48 हजार 790 पौधे रोपित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 9906 प्रतिशत पौधरोपण पूर्ण कर लिया गया है।

किसान वृक्ष मित्र योजना के माध्यम से किसानों को अपनी कृषि भूमि के ऐसे हिस्सों, जहां परंपरागत कृषि कार्य अपेक्षाकृत कठिन होता है, वहां वृक्षारोपण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इससे एक ओर खेतों की मेड़ों और अनुपयोगी अथवा कम उत्पादक भूमि का बेहतर उपयोग हो रहा है, वहीं दूसरी ओर किसान भविष्य के लिए आय का एक अतिरिक्त और टिकाऊ स्रोत तैयार कर रहे हैं। वृक्षों के बढ़ने के साथ इनसे प्राप्त होने वाली लकड़ी, बांस एवं अन्य वनोपज किसानों के लिए दीर्घकालीन आर्थिक लाभ का माध्यम बन सकती है। वर्षा ऋतु 2026 में किए गए पौधरोपण में विभिन्न उपयोगी एवं व्यावसायिक प्रजातियों को शामिल किया गया है। इनमें क्लोनल नीलगिरी के 7 लाख 18 हजार 457 पौधे, साधारण सागौन के 1 लाख 86 हजार 281 पौधे, चंदन के 12 हजार 900 पौधे, टिशू कल्चर सागौन के 2 हजार 150 पौधे, मिलिया डूबिया के 850 पौधे तथा साधारण बांस के 400 पौधे शामिल हैं। इन प्रजातियों का चयन किसानों को दीर्घकालीन आर्थिक लाभ उपलब्ध कराने के साथ-साथ स्थानीय परिस्थितियों में हरित क्षेत्र के विस्तार को ध्यान में रखते हुए किया गया है। योजना के तहत पौधरोपण के लिए किसानों को प्रोत्साहित किए जाने से कृषि और वानिकी के बीच बेहतर समन्वय स्थापित हो रहा है।



महासमुंद-तुमगांव-अछोला मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद विधानसभा अंतर्गत महासमुंद-तुमगांव-अछोला मार्ग के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण को प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। स्वीकृति पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं वित्तमंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि जनता की आवश्यकता को देखते हुए उन्होने उक्त सड़क निर्माण के लिए शासन के समक्ष मांग रखी। जिसे बजट 2025-26 में शामिल किया गया।



जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बताया कि महासमुंद-तुमगांव-अछोला मार्ग, जिसकी लंबाई 3 किलोमीटर है, इसके निर्माण के लिए 81615 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की लंबे समय से चली आ रही सड़क संबंधी मांगों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़क निर्माण से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी तथा आमजनों को आवागमन में राहत मिलेगी।

बिजनेस साइट

सोहम हॉस्पिटल में कई बीमारियों की जांच कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

स्थानीय सोहम जन सेवा समिति के तत्वावधान सोहम हॉस्पिटल में 9 अक्टूबर को हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ सुलभ चंद्राकर मरीजों की जांच एवं परामर्श के लिए सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक उपस्थित रहेंगे। हॉस्पिटल की विज्ञप्ति में बताया गया कि मरीजों को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य लाभ देने का प्रयास किया जा रहा है।



मरीजों को यहां राजधानी जैसी सुविधा मिलेगी, जिससे उनका समय व राशि की बचत होगी। बीपी की समस्या, चलने में हांफना, सीने में दर्द या दबाव, डिवाइस क्लोजर, मधुमेह, पेसमेकर, वाल्वुलोप्लास्टी, उच्च रक्तचाप आदि की जांच कर मरीजों को परामर्श दिया जाएगा। साथ ही लैब टेस्ट और ईको टेस्ट की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।

राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत पुष्प क्षेत्र विस्तार घटक योजना से कुमारी ने गेंदे की खेती अपनाकर प्रति एकड़ लगभग 2 लाख से अधिक की शुद्ध आय अर्जित की

महासमुंद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सार्वजनिक सेवा यात्रा ने देश में कृषि सहित हर क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और नवाचार को नई दिशा दी है। विकसित भारत के संकल्प के साथ किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें पारंपरिक खेती से आगे बढ़कर लाभकारी फसलों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसी सोच को साकार करते हुए महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखंड के ग्राम भदरसी की कृषक कुमारी चंद्राकर ने उद्यानिकी फसलों को अपनाकर खेती को अधिक लाभकारी बनाया है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन के सहयोग से गेंदे की खेती कर उन्होंने प्रति एकड़ लगभग 2 लाख 7 हजार रुपए की शुद्ध आय अर्जित की है। कृषक कुमारी चंद्राकर के पास कुल 064 हेक्टेयर सिंचित कृषि भूमि है। परंपरागत रूप से धान की खेती में अधिक लागत और अपेक्षाकृत कम उत्पादन को देखते हुए उन्होंने उद्यानिकी फसलों की ओर रुख किया। वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय बागवानी मिशन के अंतर्गत पुष्प क्षेत्र विस्तार घटक से गेंदे की खेती को अपनाया। योजना के तहत 064 हेक्टेयर क्षेत्र में गेंदे की फसल के लिए उन्हें 12 हजार 800 रुपए का अनुदान डीबीटी के माध्यम से प्राप्त हुआ। कुमारी चंद्राकर बताती है कि उन्होंने आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रिप सिंचाई एवं कृषि यंत्रों को अपनाकर गेंदे की खेती की। बेहतर प्रबंधन और वैज्ञानिक तरीके से खेती करने से उन्हें प्रति एकड़ लगभग 2 लाख 7 हजार रुपए की शुद्ध आय प्राप्त हुई। इसके साथ ही वे प्रतिवर्ष धनिया, प्याज, बैंगन, मूली और भाजी जैसी विभिन्न उद्यानिकी फसलों की खेती भी कर रही हैं। कुमारी चंद्राकर की सफलता अब आसपास के किसानों के लिए भी प्रेरणा बन रही है। उनकी सब्जी एवं फूलों की खेती को देखकर रिश्तेदारों और आसपास के अन्य किसानों में भी उद्यानिकी फसलों को अपनाने के प्रति रुचि बढ़ी है।

बैठक में राज्य स्तरीय पेंशनर दिवस को लेकर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ मासिक बैठक पेंशन भवन में जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में नए पेंशनरों डीएन जांगड़े, दिलीप चंद्राकर, सुनीता भवालकर, दशरथ लाल ध्रुव, पदुमन प्रसाद पांडे, गजानन ध्रुव का तिलक लगाकर व श्रीफल भेंट एवं अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मान किया गया। सभी पेंशनरों को सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। पश्चात सेवानिवृत्त पेंशनरों ने सेवाकाल के अनुभव सुनाए। 17 दिसम्बर को राज्य स्तरीय पेंशनर दिवस मनाने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई और कार्यक्रम की रुपरेखा तय की गई।



कार्यक्रम के संचालन के लिए विभिन्न समितियों का गठन कर उनके संयोजक बनाए गए। बैठक में संरक्षक केआर चंद्राकर ने पेंशनरों को सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। जिलाध्यक्ष डॉ. अशोक गिरि गोस्वामी ने पेंशनरों की समस्याओं के समाधान हेतु त्वरित निराकरण की बात कही। स्व. गंगाधर पटेल पिथौरा के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गई।

बैठक में पिथौरा से डीएन पटेल, पीतांबर डडसेना, आरके भोई, रामकुमार चंद्राकर, बंशी चंद्राकर, बसंत चंद्राकर, आरके वर्मा, बीआर ध्रुव, बीआर देवांगन, मनराखन ध्रुव, रघुनाथ सिन्हा, मन्नू साहू, सतीश पांडेय, आरके कश्यप, भानू सूर्यवंशी, राजेश शर्मा, महेश शर्मा, चिंतामणि चंद्राकर, प्रभा पंडा, उषा शर्मा, कुंती देवांगन, राम बाई गुरुदत्ता, विजयलक्ष्मी चंद्राकर, ओमकार चंद्राकर, मनहरण लाल ठाकुर, छविराम दीवान, मुनीर खान पिथौरा, रमेश कुमार पटेल पिथौरा, अर्जुन लाल साहू, पवन देवांगन, डीआर सोरी, राधेश्याम बगर्ती समेत बड़ी संख्या में पेंशनर मौजूद रहे।

किसान हित में सरकार का सराहनीय निर्णय, संयुक्त खाते में अब केवल नंबरदार के पंजीयन से बिकेगा धान

महासमुंद। वरिष्ठ भाजपा नेता व पिटियाझर सोसायटी अध्यक्ष रमेश साहू



ने राज्य सरकार के किसान हितैषी निर्णय का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संवेदनशील सरकार का हर निर्णय किसानों के हित और उनकी सुविधा को ध्यान में रखकर लिया जाता है। इसी कड़ी में संयुक्त खाते में धान बेचने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाते हुए अब केवल नंबरदार के एग्रीस्टैक पंजीयन को ही जरूरी किया गया है, यह अत्यंत स्वागत योग्य और सराहनीय कदम है। साहू ने कहा कि सरकार ने किसानों की सुविधा को सर्वोपरि रखते हुए नई व्यवस्था लागू की है। अब धान बेचने के लिए सिर्फ नंबरदार के पंजीयन से ही धान की बिक्री हो सकेगी। खाते में दर्ज अन्य हिस्सेदारों के अलग से पंजीयन कराने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। इससे किसान परिवारों को बड़ी राहत मिली है और धान खरीदी की प्रक्रिया पहले से अधिक आसान हो गई है।

छग सतनामी मुक्ति केंद्र में श्रद्धांजलि सभा आहूत कर दी गई सतलोकी सत्यानंद जेंड्रे को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

छत्तीसगढ़ सतनामी मुक्ति केंद्र द्वारा सतनाम भवन बेमचा भाठा में रविवार 04 अक्टूबर को सतलोकी सत्यानंद जेंड्रे की स्मृति में सतनाम भवन में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में परिवारजनों, रिश्तेदारों, मित्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के नागरिकों ने उपस्थित होकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

कार्यक्रम की शुरुआत बाबा गुरु घासीदास की आरती के साथ दिवंगत आत्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित करके की गई। उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की।



इस अवसर पर बीरेंद्र ढीढ़ी प्रदेश अध्यक्ष सतनामी मुक्ति केंद्र, एस चंद्रसेन प्रदेश अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, समाज के संरक्षक त्रिभुवन महिलांग, उपदेश मार्कंडेय, सत्यप्रकाश, संतोष मार्कंडेय, हीरा जोगी, हीरादाश टंडन, नीतू रानी बांधे समेत सभी वक्ताओं ने उनके व्यक्तित्व एवं सामाजिक योगदान को याद करते हुए भारी से कहा कि उनका सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और समाज के प्रति समर्पण सदैव लोगों के बीच स्मरणीय रहेगा। उनके द्वारा किए गए कार्य आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे।

समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी सहानुभूति प्रकट की। अंत में सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम का संचालन श्यामलाल मन्नाड़े ने किया। जिलाध्यक्ष सतनामी मुक्ति केंद्र के जिलाध्यक्ष सचिन गायकवाड़ ने सभा में उपस्थित समाज जन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सतलोकी सत्यानंद जेंड्रे के बताए मार्ग में आगे बढ़ कर कार्य करेंगे। कार्यक्रम में बीरेंद्र ढीढ़ी, त्रिभुवन महिलांग, एस चंद्रसेन, जिला अध्यक्ष सचिन गायकवाड़, उपदेश मार्कंडेय, हीरा जोगी, महेंद्र कोसरिया, सत्यभान जेंड्रे, सत्यप्रकाश, गिरधर आवड़े, अरविंद पहरे, नीतू रानी बांधे जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, संतोष मार्कंडेय, एसएल सोनी, दयानंद, सुखनंदन, दिलीप मनहरे, गुलाब साय, सीएल टंडन आदि मौजूद रहे।

